**खबर संक्षेप**

## प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय दो दिवसीय प्रवास पर सतना आयेंगे



सतना। मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय 25 मई को प्रातः 6.30 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से सतना आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार प्रभारी मंत्री श्री विजयवर्गीय प्रातः 7 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे। इसके बाद प्रभारी मंत्री प्रातः 9 बजे सतना से चित्रकूट लिए प्रस्थान कर प्रातः 10 बजे से चित्रकूट के स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रभारी मंत्री रात्रि विश्राम चित्रकूट में करेंगे। प्रवास के दूसरे दिन 26 मई को प्रभारी मंत्री कैलाश विजय वर्गीय चित्रकूट में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोपहर 3 बजे चित्रकूट से प्रस्थान कर सायं 4.30 बजे सतना आयेंगे और यहां स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके पश्चात प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सतना से रात्रि 8.50 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किया गया श्रमदान



**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जा रहा है।जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत जल संरचनाओं के पुर्नजीवीकरण /संरक्षण अभियान अन्तर्गत शुक्रवार को रामपुर बघेलान नगर परिषद के सीएमओ अरुण कुमार श्रीवास्तव एवं स्वच्छता नोडल विश्वजीत कुशवाहा द्वारा वार्ड क्रमांक 15 नर नदी के घाट के पास जन सहयोग से सफाई,स्वच्छता श्रमदान एवं नदी के आसपास की सफाई का कार्य किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि ऐसे अभियानों के माध्यम से हम जल संरचनाओं को स्वच्छ कर परिवर्तन संरक्षण में अहम भागीदारी दे सकते हैं। यदि हम सब मिलकर पर्यावरण को बचाने की कोशिश नहीं करेंगें तो भविष्य में हमारे लिए बहुत मुश्किलें आयेंगी। पृथ्वी एक ही है और हम सबकी है,इसीलिए इसके संरक्षण का दायित्व हम सबका है। इस अभियान में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि अशोक सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष कमलेश कचेर, दिलीप सोनी, सुन्दर गुप्ता, प्रशान्त सिंह, सुरेन्द्र सिंह, सफाई पर्यवेक्षक इसराइल सौदागर,लक्ष्मण प्रसाद, संजय सेन, अमर सिंह, विनोद द्विवेदी,तबील खान सहित नगर परिषद के सभी सफाई कर्मचारी एवं नगर के नागरिकगण उपस्थित रहे।

### खुले में शौच करने जा रहा था, पुलिस ने शुरू की जांच

# बाड़ी में लगे करेंट की चपेट में आने से रामलाल की मौत

**हरिभूमि, मैहर।** शौच क्रिया के लिए निकला एक बजुर्ग की करेंट से चिपक जाने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह 6:30 बजे रामलाल पिता सुकरू पटेल ग्राम हिनौता कला सुबह शौच क्रिया के लिए खेत की तरफ जाते वक़्त हीरालाल पटेल जो की अपने खेत के चारों तरफ से मवेशियों से बचने के लिए कटीली तार की बाड़ी को हीरालाल पटेल के द्वारा चोरों एवं मवेशियों से बचाव के लिए नलकूप की तार से करंट को जोड़ रखा था,जिसकी लापरवाही से रामलाल पटेल चपेट में आ गए और उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। पुलिस को सूचना देने के बाद पुलिस के द्वारा जांच पड़ताल कर कार्यवाही की गई। बताया जाता है कि इस घटना का पता जब चला जब पास के खेत में काम रहे राजभर पटेल ने रामलाल को कई बार आवाज दी लेकिन कोई जवाब नही मिलने पर वे पास गए तो उन्होंने देखा कि रामलाल कंटीली तार से चिपका हुआ है।





# तीसरे दिन भी हटाए गए पुल के नीचे अतिक्रमण



**हरिभूमि, मैहर।** मैहर नगर में आज तीसरे दिन भी रेलवे पुल के नीचे किए गए अतिक्रमण में लगभग 50 दुकानों को हटाया गया। बताया जा रहा है कि बरसात में नालियों से पानी न निकलने के कारण सड़क में पानी भरता है साथ ही गदंगी भी होती है। इसी के चलते मैहर रेलवे स्टेशन के बाहर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया था क्यों कि वहां पर भी नालियों के ऊपर अतिक्रमण करने से बरसात में पानी का बहाव रुकने पूरे चौराहे में कीचड़ ही कीचड़ नजा आता है वहीं आने जाने वालों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इसी के चलते आज तीसरे दिन भी ओवर ब्रिज के नीचे बनाई कई दुकानों को हटा कर रास्ता साफ किया गया। इसका प्रमुख कारण यह भी बताया जा रहा है कि पुल के नीचे अत्याधिक अतिक्रमण के कारण स्टेट बैंक के चौराहे तक वाहनों का लम्बा जाम लगता है जिससे आवागमन प्रभावित होता है। इस समस्या से यातायात समस्या का भी सामाधान होगा।

# दवाओं पर ज़ीरो जीएसटी की मांग

**सतना।** फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रजेंटेटिव ऑफ इंडिया के आह्वान पर एमपीएमएसआरयू सतना इकाई ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम का ज्ञापन सतना स्थित जीएसटी सहायक उपायुक्त को सौंपा गया। सतना इकाई के अध्यक्ष कॉमरेड राकेश सिंह परिहार ने बताया कि देश के लाखों मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव अपनी समस्याओं के साथ देश की जनता के स्वास्थ्य को लेकर बेहद गंभीरता के साथ आंदोलनरत है।इस महँगाई के दौर में भारत सरकार द्वारा दवाओं एवं सर्जिकल आइटमों पर जीएसटी वसूलना अमानवीयता की हद है। देश की ज्यादातर आबादी गरीबी की सीमा के नीचे जीवन बसर कर रही है और देश का कोई भी व्यक्ति बीमारियों से परेशान ही होता है,ऐसे समय मे अगर सरकारें उनको कोई मदद नही कर सकती तो कम से कम दवाये और इलाज पर जीएसटी जैसा क्रूरता पूर्ण कर को तुरंत समाप्त करना चाहिए। आज के कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह तोमर,इकाई अध्यक्ष राकेश सिंह परिहार,सचिव जितेंद्र मिश्रा,सहसचिव आनंद सिंह चौहान,कोषाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी,विवेक यादव, कार्यकारणी सदस्य शैलेश कुशवाहा आदि शामिल रहे।




## मैहर में मिला अज्ञात शव

**हरिभूमि, मैहर।** सिविल अस्पताल मैहर कर्मचारी द्वारा सूचना दी गई कि एक अज्ञात बुजुर्ग को मैहर के रह वासियों द्वारा इलाज हेतु लाया गया था जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई है। जिस पर कोतवाली मैहर में मर्ग क्रमांक 80/25 धारा194 कायम किया गया है अज्ञात पुरुष का होलिया उम्र 65 वर्ष लगभग लंबाई 5 फीट चेहरे में सफेद लंबी दाढ़ी मूंछ है।पंचनामा उपरांत पहचान हेतु शव को सिविल अस्पताल मैहर के मर्चुरी में रखा गया है।



# सतना एवं मैहर जिले में अब तक 871 नरवाई जलाने की घटनायें सैटेलाईट मैपिंग में आई सामने

**सतना।** पर्यावरण सुरक्षा के लिये ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसलों (विशेषतः धान एवं गेहूं) की कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है। जिले में भी नरवाई जलाने से होने वाली आगजनित घटनाओं पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सतना डॉ. सतीश कुमार एस एवं कलेक्टर मैहर रानी बाटड द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर अनुविभागीय दंडाधिकारियों को संबंधित व्यक्ति पर तत्काल पात्रतानुसार जुर्माना अधिरोपित करते हुये आग के कारण का पंचनामा तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गये हैं। लेकिन प्रतिबंधों के बावजूद भी जिले में नरवाई जलाने की घटनायें सामने आ रही हैं। दो एकड से कम भूमि धारक कृषकों द्वारा पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि 2500, दो एकड से अधिक किन्तु पांच एकड से कम भूमिधारक को 5000 तथा पांच एकड से अधिक भूमि धारक कृषकों द्वारा पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि 15000 रूपये प्रति घटना देय होगी। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास मनोज कश्यप ने बताया कि कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय भोपाल से प्राप्त सैटेलाइट मॉनीटरिंग की रिपोर्ट अनुसार 23 मई तक की स्थिति में सतना में 710 एवं मैहर जिले में 161 कुल 871 स्थानों पर नरवाई जलाने की घटनायें रिकॉर्ड की गई हैं। जिसमें तहसील रघुराजनगर में 145,कोठी में 41,रामपुर बघेलान में 106,कोटर में 106,मझगवां में 23,बिरसिंहपुर में 38,नागौद में 175 तथा उचेहरा में 75 घटनायें रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार मैहर जिले की तहसील अमरपाटन में 55,मैहर में 89तथा रामनगर में 16घटनाएं दर्ज की गई है।उप संचालक कृषि ने संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारियों को सैटेलाइट मॉनीटरिंग की रिपोर्ट से अवगत कराते हुये जिला दंडाधिकारी के निर्देशों के अनुरुप कार्यवाही करने का अनुरोध किया है।

# कोठी में स्व-सहायता समूहों के साथ 'वुमेन फॉर ट्री' अभियान शुरू




### महिलाओं को मिला पौधारोपण का प्रशिक्षण

**हरिभूमि, सतना।** जिले की नगर परिषद कोठी में अमृत मित्र पहल के अंतर्गत वुमेन फॉर ट्री पौधारोपण अभियान की शुरुआत की गत दिवस इस अभियान में स्व-सहायता समूह की महिलाओं को पौधारोपण का प्रशिक्षण दिया गया। अभियान का पहला चरण वूमेन फॉर ट्री कैंपेन के तहत एक पेड़ मां के नाम अमृत मित्र इनिशिएटिव के अंतर्गत चलाया जा रहा है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के निर्देश पर यह अभियान संचालित हो रहा है। इसी क्रम में गत दिवस वार्ड नंबर 7 में पार्क एवं बाजार स्थिति देवीगंज तालाब के पास के स्थल का निरीक्षण किया गया। स्व सहायता समूह की सदस्यों ने स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान फोटो और वीडियो के माध्यम से दस्तावेज तैयार किए गए। नगर परिषद कोठी के सीएमओ पंजाब सिंह ने बताया कि अभियान 5 जून से 31 अगस्त 2025 तक चलेगा। इसका मुख्य उद्देश्य हरित क्षेत्र का विस्तार करना है। इससे पारिस्थितिकी संतुलन बना रहेगा और नागरिकों को स्वस्थ जीवन शैली मिलेगी। साथ ही स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता भी मिलेगी। नगर परिषद अधिकारी द्वारा सभी महिलाओं का सम्मान किया गया एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।इस दौरान कोठी नगर पंचायत अध्यक्ष सुखवंती बुनकर,सुनीता गौतम, विक्रांत राज खटीक,एनडी तिवारी,अभिजीत सिंह सहित समस्त नगर परिषद कर्मचारी और अमृत स्वयं समूह की समस्त महिलाएं उपस्थित रही।

# सद्गुरु साइन ईश्वर शाह साहब के आगमन पर निकाली गई वाहन रैली



### आज भव्य शोभा यात्रा का आयोजन

**हरिभूमि, सतना।** सतना हाजरा हजूर सतगुरु साईं ईश्वरशाह साहिब के नगर आगमन की खुशी में हरे माधव सेवादारियों एवं समाजसेवी द्वारा शुक्रवार को विशाल वाहन रैली निकाली गई। यह रैली हरे माधव दरबार से प्रारंभ होकर सिन्धी कॉलोनी एवं शहर के प्रमुख मार्ग से होते हुए हरे माधव दरबार में हरे माधव की गूंज के साथ संपन्न हुई। दरबार के सेवादारी सुरेश बाषाणी ने बताया सतगुरु साईं ईश्वरशाह साहिब के सतना नगर आगमन पर 24 मई शनिवार शाम 7 बजे से सतगुरु साईं ईश्वरशाह साहिब कीशोभायात्रा शिव चौक से प्रारंभ होकर बाबा दयाल दास चौक माधव गुणवंती हाल होते हुए दरबार में संपन्न होगी। शोभा यात्रा का समाज द्वारा जगह जगह पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया जाएगा। 25 मई दिन रविवार को सीएमए ग्राउंड परिसर में हाजरा हजूर सद्गुरू साईं ईश्वरशाह साहब की पावन हजूरी में हरे माधव सत्संग का आयोजन किया गया है। सत्संग के पश्चात ब्रह्मभोज (आम भंडारा) का भी आयोजन किया गया है। आयोजन में शामिल होने के लिए समाज के रविंद्र पंजवानी, नंदलाल रोहड़ा,गोपी गेलानी, श्रीचंद मनवानी, सतीश सुखेजा, फेरुमल तोलवानी, संजय तीर्थवानी,चंद्रकांत वाधवानी, कन्हैयालाल पोहानी, राजेश लालचंदानी, मोहन भावनानी, मनोहर शुगानी, संजय आहूजा, रूपेश वलेचा, मनोहर डिगवानी, सुनील सेनानी,ग िरधारीलाल वाधवानी, मनोहर आहूजा, राजलदास आडवाणी, हीरा सोनी, कालू पुरुस्वानी, अशोक चांदवानी, केशव माखीजा, महेश गांधी, जेठानंद वाधवानी,मनीष टेकवानी, मनोहर लाल वाधवानी,मनोहर आरतानी, दीपक वलेजा, दिलीप जिंदवानी ने सर्व समाज से शोभा यात्रा में शामिल होने एवं हाजरा हजूर सतगुरु साईं ईश्वरशाह साहिब की पावन हजूरी में आयोजित हरे माधव सत्संग में ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर सत्संग का लाभ लेने का अनुरोध किया है।



# पिथौराबाद में धूमधाम से मनेगा जैव विविधता दिवस

**सतना।** उचेहरा जनपद क्षेत्र अंतर्गत जैव विविधता प्रबंधन समिति पिथौराबाद द्वारा बड़े धूम धाम के साथ जैवविविधिता दिवस मनाया जा रहा है।समिति के अध्यक्ष पद्मश्री बाबूलाल दाहिया ने बताया कि समिति के सदस्यों के निर्णय के अनुसार आगंतुक महानुभवों की सुविधा के दृष्टि से यह कार्यक्रम 25 मई रविवार को आयोजित होगा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य फोकस परम्परागत अनाज सब्जियों,मोटे अनाजों पर तो रहेगा ही,किन्तु गांव के आसपास की समाप्त हो रहीं वनस्पतियों और जड़ी बूटियों सहित समस्त जैव विविधता पर परिचर्चा होगी। कार्यक्रम के साथ छात्रों को प्रोत्साहित करने और भाग लेने के लिए जैव विविधता पहचानों प्रतियोगिता रखी जाएगी जिसमें,घरों के आसपास उगने वाले पेड़ पौध,अनाजों,फलों को पहचान पर प्रतियोगिता कराइ जाएगी। जो,भी सहभागी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे उन्हें गिफ्ट के रूप में जैवविविधता प्रबंधन समिति पिथौराबाद 10-10 विभिन्न प्रकार की सब्जियों के बीज के पैकिट भेंट करेगी। यह प्रतियोगिता कक्षा 9वीं एवं 10वीं और 11वीं के छात्रों के बीच होगी।जिसमें कम से कम 10 प्रतिभागी छात्र होंगे।और इन छात्रों से कोई फीस नही ली जाएगी।प्रतियोगता के विंदु में गांव घरों के आसपास उगने वाली 10 वनस्पतियों की पहचान प्रतियोगिता। खेतों में उगने वाले 10 अनाजों की पहचान प्रतियोगिता। कोलिया बाड़ में उगने वाली 10 प्रकार की प्रतियोगिता। कोलिया बाड़ी एवं वनों में पाए जाने वाले 10 प्रकार के फल पर बिंदु होंगे।


## खटोला स्थित वृंदावन आश्रम कुंड की हुई सफाई

**सतना।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शुक्रवार को नगर परिषद कोठी के वार्ड क्रमांक 9 में खटोला स्थित वृंदावन आश्रम कुंड की सफाई कराई गई।



**खबर संक्षेप**

## आधी रात को तूफान ने मचाई तबाही भारी भरकम पेड़ हुए धराशाई



**हरिभूमि, पन्ना।** जिले में विगत 21-22 मई 2025 की दरमियानी रात लगभग 2 बजे अचानक आए तूफान ने जमकर तबाही मचाई है। पन्ना नगर से लेकर दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों तक सैकड़ों भारी भरकम पेड़ या तो जड़ों सहित उखड़ गए हैं या फिर टूट गए हैं। कई घरों को भी नुकसान बताया गया है। कई जगह बिजली के खंबे और तार टूटने से दिनभर बिजली सप्लाई बाधित रही, इसी प्रकार पुराना पन्ना की आदिवासी बस्ती में भारी भरकम बरगद का पेड़ गिरने से विंध्यवासिनी माता का मंदिर क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके अलावा आसपास के दो कच्चे घरों में भी नुकसान हुआ है। बताया गया हल्की बाई आदिवासी उम्र लगभग 40 वर्ष के घर में बरगद का पेड़ गिरने से उनका छप्पर टूट गया है, जिस वक्त यह घटना हुई हल्की बाई घर में सो रही थी, चीपों के टुकड़े उनके ऊपर गिरने से वह घायल हो गई हैं। इसी प्रकार गुलाब बाई के मकान में पेड़ की डाल गिरने से उनका घर भी क्षतिग्रस्त हो गया है। गुलाब बाई के घर में जब घटना हुई तब वह घर पर नहीं थी। घटना की सूचना सुबह वार्ड पार्षद को दी गई जिनके द्वारा नगर पालिका के अधिकारियों को फोन किया गया लेकिन अभी तक कोई भी मौके पर नहीं पहुंचा। दोनों परिवार मजदूर वर्ग के बताए गए हैं जिनकी आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है।

## रोजगार सहायिका और स्थानीय महिला के बीच मारपीट



**पन्ना।** कोतवाली थाना अंतर्गत धाम मोहल्ला वार्ड क्रमांक 9 में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यरत सहायिका और एक स्थानीय महिला के बीच मारपीट के बाद मौके पर काफी भीड़ एकत्र हो गई। घटना के संबंध में बताया गया है कि वर्षा प्रजापति आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका के पद पर पदस्थ है। 23 मई 2025 को सहायिका आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंची तो कुछ बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र के सामने एक डब्बे में रखे बूंदी के लड्डू खा रहे थे, जिस पर सहायिका ने बच्चों को डांटते हुए कहा कि यह लड्डू विषैले या दूषित हो सकते हैं इसलिए इन्हें फेंक दो तब बच्चों ने लड्डू फेंक दिए, तभी पड़ोस की महिला आकर कहने लगी कि यह लड्डू रात में उनके द्वारा रखे गए थे यह जहरीले या दूषित नहीं हैं जिस पर सहायका के द्वारा कहा गया कि अनजान व्यक्तियों की दी गई या पड़ी हुई वस्तु हम बच्चों को नहीं खिला सकते, हमारी जिम्मेदारी पर बच्चे आते हैं। कुछ ही देर में आपसी कहा सुनी लड़ाई झगड़े और हाथापाई में तब्दील हो गई। तब तक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कीर्ति शर्मा भी पहुंच गई। डायल हंड्रेड पर कॉल करने के बाद डायल हंड्रेड पुलिस मौके पर पहुंची और आंगनबाड़ी सहायिका को कोतवाली ले जाया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक किसी पर कोई एफआईआर दर्ज होने की जानकारी नहीं मिली है।

# पन्ना पुलिस की तत्परता से रैपुरा थाना क्षेत्र से लापता 14 वर्षीय बालक को जबलपुर से किया गया दस्तयाब

### माता-पिता द्वारा मोबाइल चलाने से मना करने की बात से नाराज होकर बिना किसी को बताये घर से चला गया था 14 वर्षीय बालक



**हरिभूमि, पन्ना।** जिले के थाना रैपुरा क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 18.05.25 को एक 14 वर्षीय बालक के गुम हो जाने की सूचना परिजनों द्वारा थाना रैपुरा में दर्ज कराई गई। प्रथम दृष्टया मामले मे थाना रैपुरा मे अपहरण का अपराध क्रमांक 105/25 कायम कर विवेचना मे लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में ज्ञात हुआ कि बालक मोबाइल फोन न दिए जाने से नाराज़ होकर बिना किसी को बताए घर से निकल गया था। सूचना मिलते ही पन्ना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्परता के साथ खोजबीन प्रारंभ की। थाना रैपुरा पुलिस द्वारा क्षेत्र के लोगों से पूछताछ की गई जिसमे बालक के बस द्वारा कटनी तरफ जाने की सूचना प्राप्त हुई जिससे संभावित स्थानो पर लगे ब्ब्ट कैमरों के फुटेज गहनता से खंगाले गए एवं बालक के संभावित गंतव्य रूट पर ब्ब्ट कैमरो से तकनीकी विश्लेषण और सतत मानवीय प्रयासों के माध्यम से बालक की गतिविधियों को ट्रेस किया गया एवं गुम बालक के सम्बंध मे आसपास के जिलो मे सूचना प्रसारित की गई जिससे बालक की फुटेज जबलपुर शहर के कैमरो कैद होना पाया गया जिससे पुलिस टीम के प्रयासों के परिणामस्वरूप बालक को जबलपुर से सकुशल दस्तयाब किया गया। बालक से घर से निकल जाने के सम्बंध मे पूछताछ किये जाने पर बताया गया कि माता पिता द्वारा मोबाइल न देने पर से नाराज होकर मे कटनी होते हुये जबलपुर चला गया था वहां इक दुकान पर काम करने लगा था। पुलिस टीम द्वारा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूर्ण कर बालक को उसके माता-पिता के सुपुर्द किया गया। अपने बच्चे को सुरक्षित देखकर परिजनों के चेहरे पर लौटी खुशी की लहर पुलिस टीम को दिया धन्यवाद। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्ण एस. थोटा द्वारा पुलिस टीम को उनकी त्वरित कार्यवाही और संवेदनशीलता हेतु सराहना प्रदान की गई है। यह सफलता पन्ना पुलिस की सतर्कता, सूझबूझ और जन सहयोग की मिसाल है।

### पुलिस की अपील-

पुलिस अधीक्षक पन्ना की अभिभावकों से अपील है कि बच्चों को मोबाइल फोन के उपयोग के संबंध में मार्गदर्शन दें। तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते समय बच्चों की भावनात्मक स्थिति और व्यवहार पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है, जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति से बचा जा सके।



# कॉलेज चलो अभियान के चलते विद्यालयों में किया सम्पर्क

**पन्ना।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार कक्षा 12वीं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का उच्च शिक्षा में शत प्रतिशत प्रवेश हेतु आज शासकीय महाविद्यालय देवेन्द्रनगर एवं शासकीय संस्कृत महाविद्यालय देवेन्द्रनगर की कॉलेज चलो अभियान समिति द्वारा देवेन्द्रनगर स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवेन्द्रनगर एवं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवेन्द्रनगर के प्राचार्यों से संपर्क किया गया तथा उनसे विद्यालय स्तर से बच्चों के उच्च शिक्षा में प्रवेश हेतु प्रोत्साहित करने के लिए निवेदन किया। इसमें कॉलेज चलो अभियान की समिति द्वारा बच्चों के प्रवेश पंजीकरण से संबंधित प्रक्रिया के बारे में बताया गया तथा इससे संबंधित दस्तावेज विद्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित करने हेतु प्राचार्य को सौंपे गये। समिति द्वारा यह भी बताया गया की विद्यार्थी अपने निकटतम महाविद्यालय, जिला या प्रदेश के किसी भी महाविद्यालय में अपने पसंद के पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बहुत से रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम भी प्रारम्भ किए गये हैं जिसमें विद्यार्थी पढ़ाई करते हुए उद्योगों में काम करने का अनुभव एवं 8000 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड भी प्राप्त कर सकते हैं। यह पाठ्यक्रम सभी प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज में प्रारंभ किए गए हैं। विद्यालय के प्राचार्यों से अनुरोध किया गया कि विद्यालय से 12 वीं उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों से संपर्क कर उनको महाविद्यालय में प्रवेश लेने हेतु प्रोत्साहित करें। इस अभियान में शासकीय महाविद्यालय देवेन्द्रनगर के प्राचार्य श्री सुखवेन्द्र कुमार गौतम, शासकीय संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नीरज शर्मा, दोनों महाविद्यालयों की कॉलेज चलो अभियान समिति से श्री शालिग्राम मिश्र, डॉ अनिल श्रीवास्तव, डॉ लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, डॉ रोशन लाल सिंह, डॉ ध्रुव कुमार पांडे एवं श्री पप्पू लाल जमरा उपस्थित रहे।

# नगरीय निकायों में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जल प्रबंधन के होंगे कार्य

**जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक में बनी रूपरेखा**





**पन्ना।** स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 योजना अंतर्गत जिले के तीन नगरीय निकायों क्रमशः नगर पालिका परिषद पन्ना, नगर परिषद अजयगढ़ एवं गुनौर में भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार जल प्रबंधन के लिए सिटी सेनिटेशन एक्शन प्लॉन तैयार किया गया है। उक्त तीनों नगरीय निकायों द्वारा तैयार डीपीआर के परीक्षण के लिए शुक्रवार को कलेक्टेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण शशिकपूर गढ़पाले सहित निकाय अध्यक्ष, सीएमओ एवं उपयंत्री भी उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रेजेंटेशन के जरिए निकायों के लिए प्रस्तावित कार्ययोजना की जानकारी दी गई। बैठक में वर्चुअल शामिल कंसलटेंट द्वारा भी कार्यों की क्रियान्वयन के बारे में अवगत कराया गया। कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि कार्यपालन यंत्री एवं वरिष्ठ अधिकारियों की टीम द्वारा निकायों में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए चिन्हांकित स्थलों का निरीक्षण कर लिया जाए। बैठक में निकायों द्वारा तैयार प्रतिवेदन के सशर्त अनुमोदन उपरांत स्थल जांच कर सही एवं उचित प्रस्ताव तैयार करें। इस दौरान निकायों के प्रस्तावित कार्यों के संबंध में मैप की सटीक जानकारी की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा सीवेज ट्रीटमेंट प्लॉट तथा निकायवार कार्यों के विभिन्न समूह व श्रेणी अनुसार भी उचित कार्यवाही करें, जिससे प्रथमतः कार्यों में संशोधन की आवश्यकता न हो। जिला कलेक्टर ने निकाय अधिकारियों को कंसलटेंट से समन्वय कर कार्यों के तकनीकी परीक्षण तथा उपयोगिता का आकलन करने के निर्देश भी दिए।

# पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष अभियान

**पन्ना**



संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत के निर्देशानुसार सागर संभाग में सेवानिवृत्त और मृत शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों एवं अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आगामी 26 मई से 20 जून तक जिले के सभी कार्यालयों में सेवानिवृत्त और मृत शासकीय सेवकों के पेंशन एवं अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इस संबंध में संभाग आयुक्त ने सागर संभाग के समस्त कलेक्टर्स को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया कि वह अपने-अपने जिले में उक्त अवधि में जिले के समस्त कार्यालयों के सेवानिवृत्त व मृत शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण एवं देय स्वत्वों के निराकरण के लिए एक अभियान चलाएं।

### अभियान की रूपरेखा

इस संबंध में जारी निर्देशों में कहा गया है कि सभी पेंशन अधिकारियों/जिला कोषालय अधिकारियों/जिला स्तरीय अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालय/विभाग में गत 02 वर्षों में सेवानिवृत्त/मृत सभी शासकीय सेवकों की सूची (31 मई 2025 की स्थिति में) बनाकर यह चिन्हित करने का दायित्व सौंपें कि उनके पेंशन प्रकरण का निराकरण होकर सेवानिवृत्ति पर देय सभी स्वत्वों का भुगतान हो गया है अथवा नहीं, साथ ही यह भी देखा जाये कि मृत शासकीय सेवकों के मामले में पात्र व्यक्ति को अनुकंपा नियुक्ति मिल गई है अथवा नहीं यदि नहीं तो आवश्यक कार्यवाही अभियान अंतर्गत ही करें। जिन शासकीय सेवकों के उक्त स्वत्वों का निराकरण नहीं हुआ है, उन शासकीय सेवकों की अलग-अलग श्रेणी के क्लेम/दावे की सूची पृथक से तैयार कर लें तथा उनके निराकरण के लिए कार्यवाही प्रारंभ करें। जिला पेंशन कार्यालय द्वारा बताई गई अपूर्ण कार्यवाही को पूर्ण करवाकर जिला अधिकारी अपने शाखा प्रमुख के समक्ष पूरा प्रकरण जिला पेंशन अधिकारी को भिजवाएं। जो प्रकरण जिला पेंशन अधिकारी के स्तर पर स्वीकृत किये जाकर पी.पी.ओ. जारी किये जा सकते हैं, उसके पी.पी.ओ. जारी कर दिये जाएं तथा अभियान समाप्ति के उपरांत जिला कलेक्टर के निर्देशन में पी.पी.ओ. का वितरण किया जाए।

आदेश में उल्लेखित है कि जिन प्रकरणों का निराकरण संभागीय पेंशन अधिकारी/ संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा अथवा विभागाध्यक्ष के द्वारा किया जाना है, उन प्रकरणों को तैयार कर वे संबंधित कार्यालय को इस अभियान के दौरान प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करेंगे। जिला कलेक्टर इस बात की समीक्षा करेंगे कि उनके जिले में विभिन्न विभागों के पेंशन एवं देय स्वत्वों के निराकरण के लिए कितने प्रकरण निर्धारित किये गये थे, कितने निराकृत हुए और कितने निराकरण के लिए शेष हैं। जिला कलेक्टर निराकरण के लिए शेष प्रकरणों के कारणों को भी जिला अधिकारी से प्राप्त करेंगे। इस संबंध में कलेक्टर्स टीएल बैठक में चर्चा अनिवार्य रूप से करेंगे।

### शासकीय सेवक का पी.पी.ओ./देय स्वत्व निराकरण के लिए शेष रहने पर होगी अनुशासनात्मक कार्यवाही

संभाग आयुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि अभियान के पश्चात यह अपेक्षा की जाती है कि जिले में किसी भी शासकीय सेवक का पी.पी.ओ./देय स्वत्व निराकरण के लिए शेष नहीं है अथवा प्रकरण संज्ञान में नहीं आया है। अब यदि इसके बाद कोई आवेदन/प्रकरण जन सुनवाई, मुख्यमंत्री हेल्पलाईन या अन्य किसी माध्यम से संज्ञान में आता है और वह इस अभियान के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा चिन्हांकित कर निराकरण की श्रेणी में नहीं लाया गया है तो ऐसी दशा में जिला कलेक्टर उस विभाग के जिला प्रमुख का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव इस कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें। अभियान की समाप्ति के बाद अभियान की उपलब्धियों का एक विवरण/प्रतिवेदन भी प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया गया है।

# वैष्णव माता नशा मुक्ति केन्द्र में मनाया गया तम्बाकू निषेध दिवस



**हरिभूमि, पन्ना। वैष्णव माता महाविद्यालय व वैष्णव माता नशा मुक्ति केन्द्र पन्ना के तत्वाधान में राष्ट्रीय तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 23 मई को समस्त महाविद्यालय स्टॉफ द्वारा तम्बाकू से बने उत्पादो का सेवन न करने के लिए शपथ ली। जिसमें सभी के द्वारा शपथ ली गई कि मैं अपने घर व कार्यस्थल को तम्बाकू मुक्त रखेंगें।**

साथ ही अपने परिजनों व समाज को भी इसके लिए प्रेरित करूंगा। तंबाकू व तंबाकू से बने उत्पादों का पूर्ण रूप से त्याग करेंगें क्योंकि तम्बाकू शारीरिक व मानसिक रोगों के साथ कैंसर रूपी भयानक बीमारी को भी आमंत्रण देता है। सभी ने शपथ लेते हुए इस संकल्प को एक साथ दोहराया। इस दौरान महाविद्यालय संचालक अंकुर त्रिवेदी जी ने सभी को शपथ दिलाते हुए कहा कि हमें एक सभ्य समाज का निर्माण करना है जो कि नशामुक्त हो हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम सभी अपने आपकों, परिजनों व समाज को नशे से दूर रखेगें साथ ही जो लोग इसके आदी हो चुके है उन्हें इस लत से छुटकारा दिलवायेंगें। इस दौरान महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ जिसमें प्राचार्य अविनाश पाण्डेय, राजकुमार सेन, श्रीमती श्रद्धा सिंह, मनोज गौर, पंकज पाण्डेय, बृजकिशोर त्रिपाठी, भारत सिंगरौल, नरेन्द्र, रानी यादव, अरविन्द शुक्ला, श्रीमती नीतिका डनायक,साधना साहू, भूपेन्द्र चौबे, मनोज जड़िया, अतुल पाण्डेय, नेहा सेन, रिचा तिवारी, सविता उपस्थित रहे।


# पन्ना टाइगर रिजर्व अन्तर्गत ईको विकास समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ परिचर्चा



**हरिभूमि, पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व अन्तर्गत अन्तराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर दिनांक 20.05.2025 से 23.05.2025 तक लगातार कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है जिसे कढ़ी में आज समापन के अवसर पर पन्ना टाइगर रिजर्व की 147 समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ परिचर्चा कार्यक्रम मड़ला के कर्णावती सभागार में आयोजित किया गया। बैठक में समिति अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों व ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करने एं जै व विविधता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया गया। साथ ही पन्ना टाइगर रिजर्व की वित्तीय वर्ष 2024-25 में पर्यटन से प्राप्त आय की लाभांस राशि का 33 प्रतिशत ईको विका समितियों के विकास हेतु वितरित किया गया। कार्यक्रम में पार्क की 147 समितियों को 164604/- प्रति समिति दर से कुल रुपये 2,41,96,788/ वितरित किये गये जिससे भविष्य में समितियों के द्वारा ग्राम के विकास में उपयोग में लाया जावेगा।

# सजायाफ्ता अपराधी ने फरियादी के परिवार का किया जीना हराम, पीड़ित ने कलेक्टर से लगाई न्याय एवं सुरक्षा की गुहार

**न्यायालय में दोष सिद्ध होने के बाद भी पीएचई विभाग में कर रहा है नौकरी**



**पन्ना। फरियादी नत्थू लाल वर्मा निवासी जगात चौकी पन्ना ने कलेक्टर के नाम शिकायती आवेदन सौंप कर बताया है कि राम कृपाल चौधरी न्यायालय से दोष सिद्ध होने एवं सजा काटने के बाद भी पीएचई विभाग में नौकरी कर रहा है और फरियादी को तरह-तरह से प्रताडित कर रहा है।**

कभी फरियादी के परिवार के लोगों पर फर्जी प्रकरण दर्ज करवा देता है तो कभी अन्य तरीकों से परेशान करवाता रहता है जिससे फरियादी परिवार का जीना दुभर हो चुका है। पीड़ति ने शिकायती आवेदन के माध्यम से मामले की जांच करवा कर न्याय सुरक्षा एवं कार्यवाही की गुहार लगाई है।

# घटारी और पवईया गांव के दो पक्षों में मारपीट, उधार दिए पैसे वापस मांगने से हुआ विवाद, हरिजन एक्ट सहित 3 मामला कायम

**अमानगंज**

पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम घटारी और ग्राम पवईया के दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमें सबसे पहले फरियादी मिरागू पिता भदइयां चौधरी उम्र 60 वर्ष निवासी घटारी ने अमानगंज थाना पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि दिनांक 22 मई 2025 सुबह 10:30 मैं गुनौर रोड घटारी में था कि तभी गोविंद सिंह अपने साथियों के साथ आया और मुझे उधार दिए 2000 रुपये वापस मांगने लगा और इसी विवाद को लेकर उन्होंने मुझे जाति सूचक शब्दों का उपयोग करते हुए गालियां दी और मेरे साथ मारपीट की घटना पर अमानगंज थाना पुलिस ने आरोपी गोविंद सिंह, सत्यम, छुट्टे राजा, भोले राजा के खिलाफ हरिजन एक्ट का अपराध दर्ज कर मामला विवेचना में लिया। इसके बाद दूसरे मामले में गोविंद सिंह पिता गोपाल सिंह उम्र50 वर्ष निवासी पवईया ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि प्रतिपल, सूर्य प्रताप, नरेंद्र और भगवत ने मेरे साथ मारपीट की जिस पर पुलिस ने आरोपी सूर्य प्रताप, प्रतिपल, नरेंद्र और भगवत के खिलाफ मारपीट का अपराध दर्ज किया। वहीं तीसरे मामले में फरियादी लोकेंद्र सिंह पिता छत्रपाल सिंह उम्र 38 वर्ष निवासी पवईया ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि आज दोपहर लगभग 12:30 बजे गुनौर रोड घटारी में बाबू तिवारी, छोटू तिवारी, चुन्नू तिवारी, बंदन यादव, ऋतुराज यादव, बिलयऊ यादव ने बाबू तिवारी और बंदन यादव के खेत में भूसा वाली मशीन चलाने के विवाद को लेकर मेरे साथ मारपीट की फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट का अपराध दर्ज कर मामला पर विवेचना में लिया।

# ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में अमानगंज में निकाली गई तिरंगा यात्रा



**अमानगंज।** ऑपरेशन सिंदूर के सफल आयोजन पर सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। जिसमें गुनौर विधानसभा के विधायक डॉ राजेश वर्मा भी शामिल हुए। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बड़े हनुमान जी मंदिर से शोभा यात्रा की शुरुआत की गई। जो पूरे नगर में भारत माता की जय कारों के साथ ढोल नगाड़े के साथ भारत माता की झांकी बनाकर यात्रा की शुरुआत की गई। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता एवं सभी समाज के लोगों के द्वारा तिरंगा यात्रा में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया गया। यात्रा का समापन वडे हनुमान जी मंदिर धाम में हुआ जिसमें भारी संख्या में नगरवासी एवं क्षेत्र वासियों का योगदान रहा। तिरंगा यात्रा के दौरान नगर में फूलों के साथ स्वागत किया गया। जिसमें पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद देखी गई।

## भाजपा जिला अध्यक्ष के भतीजे का दुखद निधन



**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा के भतीजे तथा सेवा निवृत शिक्षक शिव कुमार मिश्रा के बेटे शुभम मिश्रा उम्र 25 वर्ष निवासी अजयगढ़ चौराहा के द्वारा घर पर ही आत्महत्या की घटना को अंजाम दिया है। बताया जाता है कि शुभम अपने कमरे में अकेले थे जब वह काफी देर तक कमरा से बाहर नहीं निकले तो घर वालों ने आवाज़ लगाई उसके बाद भी ना उठने पर दरवाजे तोड़कर देखा तो वह मृत अवस्था में मिले जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर पोस्टमार्टम कराया गया उसके पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों द्वारा शव का अंतिम संस्कार करने के लिए प्रयागराज ले जाया गया है उक्त घटना से माता-पिता परिवार जनों की बुरी हालत है एक होनहार शिक्षित लड़के को खो देने से पूरे परिवार की हालत खराब है। शुभम की मृत्यु पर नागरिकों पत्रकारों साहित्यकार भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दिवंगत आत्मा को भगवान से अपने श्री चरणों में स्थान देने तथा मृतक के परिवार जनों को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

**खबर संक्षेप**

## सड़क हादसे में पिता-पुत्री की दर्दनाक मौत



**हरिभूमि, छतरपुर।** राजनगर थाना क्षेत्र के पाय गांव के पास शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे एक बाइक और स्कूटी की टक्कर में एक ही परिवार के पिता और चार साल की बेटी की मौत हो गई, जबकि दो अन्य सदस्य घायल हो गए।बताया गया है कि घटना में सरवई थाना क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर निवासी विनोद पटेल उम्र 40 वर्ष और उनकी पुत्री अवनी पटेल 4 वर्ष की मृत्यु हो गई है, जबकि विनोद की पत्नी अनुराधा पटेल और दो वर्षीय वुऋ अभी पटेल गंभीर रूप से घायल है। विनोद बीते दिन बीएड परीक्षा देने के लिए छतरपुर आया था और शुक्रवार को बाइक से वापस अपने गांव लौट रहा था, तभी पाय गांव के पास यह हादसा हो गया। विनोद की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि अवनी को एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। अनुराधा और अभी का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या



**हरिभूमि, छतरपुर।** पड़ोसी जिले टीकमगढ़ के कुड़ीला थाना क्षेत्र के ग्राम देरी में एक युवक ने अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उसे छतरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान दिनेश रजक पुत्र नारायणदास रजक उम्र 22 वर्ष के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, दिनेश ने शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे जहरीला पदार्थ खा लिया। आनन-फानन में उसे निजी वाहन से छतरपुर जिला अस्पताल लाया गया, लेकिन सुबह 9:30 बजे इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

## समाजसेवी संगठन ने मवेशी तस्करों को पकड़ा

**हरिभूमि, छतरपुर।** जिले के मातगुवां थाना क्षेत्र में हिंदू जोड़ो संगठन ने देर रात मवेशी तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 मवेशियों सहित एक पिकअप वाहन और आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। संगठन के कार्यकर्ता राहुल मिश्रा संजू ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि दमोह से महोबा मंडी के बूचडख़ाने की ओर एक पिकअप में मवेशी ले जाए जा रहे हैं। रात करीब 2 बजे हिंदू जोड़ो संगठन के कार्यकर्ता मातगुवां थाना क्षेत्र में एकत्र हुए और पिकअप को रोककर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पिकअप की तलाशी ली, जिसमें 5 भैंसें और एक पड़वा बरामद हुआ। मातगुवां थाना पुलिस ने देर रात प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और पिकअप वाहन को जब्त कर लिया। राहुल मिश्रा ने कहा, हमारी टीम लगातार मवेशी तस्करी के खिलाफ सतर्क है।

### उड़द कलस्टर प्रदर्शन बीज के नाम पर कृषि विभाग बक्सवाहा में हुआ बड़ा फर्जीवाड़ा

# जिले के प्रभारी कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना हैं फिर भी कृषि विभाग की ज्यादातर योजनाएं कागजों में चल रही

## किसानों ने नहीं देखा कृषि विभाग का दफ्तर, उनके नाम बट गया बीज, दबा खरीदी के भुगतान हो गए फर्जी बिल




**हरिभूमि, छतरपुर। राष्ट्रीय खाद्य एवं पोषण सुरक्षा दलहन योजना के अंतर्गत उडद कलस्टर प्रदर्शन किस्म एवं अरहर व मूगफली बीज का वितरण कृषि विभाग के माध्यम से किसानों को किया जाता है। प्रदर्शन बीज देने के समय किसानों के खेती से सम्बंधित दस्तावेज मंगाये जाते है, लेकिन जिले के बक्सवाहा विकासखंड में कृषि विभाग के अधिकारियों ने शासन के इस महत्वाकांक्षी योजना को पलीता लगाते हुए जमकर भ्रष्टाचार किया है। शासन की इस योजना से किसान भले ही लाभाविंत न हुए हो लेकिन कृषि विभाग के अधिकारी से लेकर एसएडीओ और आरईओ जरूर लाभांवित हुए है।**

शासन कि यह योजना कृषि विभाग के अधिकारियों के लिए बरदान सावित हुई है। लम्बे समय से बक्सवाहा कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी कलस्टर बीज वितरण के नाम पर फर्जीवाड़ा करते चले आ रहें है। किसानों के नाम कागजों में बीज स्वीकृत हो रहा है। और उन्हीं किसानों के नाम पर खजुराहो छतरपुर की दुकानों से दवा खरीदी के बिल प्राप्त कर शासन से मिलने बाली अनुदान राशि को हड़पा जा रहा है। कई गांव के किसानों ने कृषि विभाग के कार्यलय के दर्शन नही किए है। उन्हें यह भी जानकारी नही है कि बक्सवाहा में कृषि विभाग का कार्यालय कहां है, और उनके गांव का ग्रामसेवक कौन है, लेकिन एसएडीओ हरिदत्त विश्वकर्मा के संरक्षण में किसानों के नाम पर यह बड़ा फर्जीवाड़ा है। विभाग के निचले स्तर के कर्मचारी व अधिकारियों के इतने हौसले बुलंद कैसे होते हैं इसमें कहीं ना कहीं जिले के वरिष्ठ अधिकारियों की साया और आशीर्वाद रहता है। इसी आशीर्वाद के चलते एसडीओ और आर आई ओ किसानों के नाम पर मार्केट में खुलेआम बेचा जा रहा है। कृषि विभाग के के अधिकारियों को इतना भी डर नहीं रहता है कि इस जिले का प्रभारी वह कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना है। कुछ समय से कृषि विभाग की ज्यादातर योजनाएं कागजो में चल रही हैं।

### कृषि विभाग द्वारा बक्सवाहा में रजिस्टर्ड दुकान होने के बाद भी बाहर से छतरपुर, खजुराहो से खरीदी -

कृषि विभाग से बक्सवाहा में खाद, दवा, बीज की बिक्री के लिए रजिस्टर्ड दुकानें है, लेकिन फर्जीवाड़ा करने में माहिर कृषि विभाग बक्सवाहा प्रभारी एसएडीओ हरिदत्त विश्वकर्मा ने कर्मचारियों द्वारा रजिस्टर्ड दुकानों से दवाई न खरीदकर छतरपुर और खजुराहो से दवाई खरीदी जा रही है, और उनका बिल किसानों के नाम बनबाकर शासन से मिलने बाली 3 हजार रूपए की अनुदान राशि स्वम हरि दत्त विश्वकर्मा डकार रहें है। ग्राम सिधाई के रहने बाले किसान गोटी आदिवासी और उसके पुत्र तथा टिलूआ आदिवासी ने बताया कि उन्होंने कभी कृषि विभाग का दफ्तर देखा नहीं है। और न ही कभी उडद का बीज लिया है। उनके द्वारा अरहर की खेती की जाती है जब इन किसानों से कहा गया कि तुम्हारे नाम पर उडद बीज और दवा खरीदी गई है। तब इन किसानों के पैरों तले जमीन खिसक गई। ऐसे ही सेकड़ो किसान है जिनके नाम पर कृषि विभाग के अधिकारियों ने उडद कलस्टर बीज वितरण और दवा खरीदी के नाम पर घोटाला किया है। बक्सवाहा में हरीदत्त विश्वकर्मा ने उड़द क्लस्टर में और बीज वितरण में लाखों की हेरा फेरी की है, उसके बाद भी जिले के आला अधिकारी कृषि विभाग के हाथ पै हाथ रखे बैठे हुए हैं।

### किन किन फर्मो से खरीदी दवा और किया फर्जीवाड़ा -

प्रभारी एसएडीओ हरिदत्त विश्वकर्मा किसानों को 3 हजार रूपए कि अनुदान में मिलने बाली दवा खरीदी के नाम पर फर्जीवाड़ा किया है, इन अधिकारियों ने मां भगवती ट्रेडिग कंपनी मंगल भवन परिसर छतरपुर, श्रीवास्तव ट्रेडर्स जैन मंदिर रोड़ खजुराहो, के नाम के दवा खरीदी के बिल लगाए है। इन दबा खरीदी के बिलों में किसानों के फर्जी हस्ताक्षर किए गए है। जिन किसानों के नाम से दबा खरीदी के बिल प्राप्त किए गए, उन किसानों ने कभी दबा खरीदी ही नहीं की और न ही उनके खाते में कभी अनुदान राशि भेजी गई है। सिर्फ कागजों में शासन की किसान हितेषी योजनाओं का संचालन कर अधिकारी अपना पेट भरकर मालामाल हो रहे



है। देखा यह जाता है कि जो कलस्टर बीज किसानों को वितरण के लिए आता है बह खुलेआम बाजार में मिलता है लेकिन बक्सवाहा क्षेत्र जो आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। यहां के किसान कम पड़े लिखे है कई किसान बिल्कुल आशिक्षित है जिसका लाभ कृषि विभाग के अधिकारी उठा रहे है। प्रभारी एसएडीओ हरिदत्त विश्वकर्मा आखिर किसके सरंक्षण में बक्सवाहा बिकासखंड में कागजों में योजनाए संचालित कर रहे है।

### ग्राम सेवकों के गांव में नहीं होते किसानों को दर्शन, अधिकारियों के साथ लगे रहते हैं फर्जीवाड़ा करने में

प्रत्येक विकासखंड के कृषि विभाग के कार्यालय में एक एसडीओ एक एसएडीओ और कई ग्राम सेवक पदस्थ रहते है इन ग्राम सेवकों को कई गांव की जिम्मेदारी दी जाती है। ग्रामसेवकों का मुख्य काम रहता है कि बह गांव गांव जाकर किसानों से संपर्क करे और शासन की उन्नतशील कृषि योजना की जानकारी देकर बीज का वितरण कराए, लेकिन यह ग्राम सेवक गांव में कभी जाते नही है। और न ही किसानो से मिलकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते। इसलिए किसान अपने गांव के ग्राम सेवक को बिल्कुल नही पहचानते और यह ग्ा्रम सेवक अधिकारियों से मिलकर किसानों के नाम पर बीज व दबा वितरण के नाम पर फर्जीबाड़ा करते रहते है। बक्सवाहा विकासखंड में यह फर्जीवाड़ा काफी लम्बे समय से चल रहा है।

### किसानों ने पंजीयन नहीं कराया, फिर भी बट गया उडद कलस्टर बीज -

यह भी जानकारी मिली है कि कलस्टर बीज वितरण के पहले किसानों को कृषि विभाग के ऐप में जाकर पंजीयन कराना पड़ता है पंजीयन के समय किसानों को अपने गांव के ग्राम सेवक को कृषिभूमि से संबंधित दस्तावेज भी देने पड़ते, तब उनका पंजीयन होता है। लेकिन देखा यह जा रहा है कि प्रभारी एसएडीओ हरिदत्त विश्वकर्मा बक्सवाहा विकासखंड में भ्रष्टाचार सिर चढकर बोल रहा है, क्योंकि कृषि विभाग के इन अधिकारियों और कर्मचारियो को किसानों ने पंजीयन के लिए कोई दस्तावेज नही दिए और न ही किसानों ने पंजीयन कराया, फिर भी कृषि विभाग के इन भ्रष्ट अधिकारियों ने किसानों के नाम पर बीज वितरण कागजों में दिखा दिया और 3 हजार रूपए की दवा खरीदी के फर्जी बिल बनवाकर शासन से मिलने बाली अनुदान राशि भी हड़प ली।

### श्रीवास्तव ट्रेडर्स चला रहा प्रभारी एसएडीओ राजनगर का पुत्र -

यह भी जानकारी मिली है कि खजुराहों के जैन मंदिर रोड़ पर एक श्रीवास्तव ट्रेडर्स संचालित है जिस पर कीटनाशक दवाएं और कृषि विभाग से संबंधित अन्य चीजें मिलती है। लेकिन श्रीवास्तव ट्रेडर्स के संबंध में जानकारी मिली है कि यह फर्म कृषि विभाग के एक अधिकारी का पुत्र ही चला रहा है। और उस अधिकारी के दबाव में जिले के अलावा बक्सवाहा के कृषि विभाग के अधिकारियों ने ही श्रीवास्तव ट्रेडर्स से सबसे अधिका दवा खरीदी के बिल प्राप्त कर शासन की योजनाओं को पलीता लगाया है। जांच का विषय यह है कि बक्सवाहा से करीबी 150 किलोमीटर दूर स्थित श्रीवास्तव ट्रेडर्स से दबा खरीदी के लिए किसान पहुंचा। बक्सवाहा से खजुराहो का किराया भी कम से कम 200 रूपए होगा और किसान को आने जाने में पूरे एक दिन का समय लगेगा। ऐसे में क्या संभव है कि बक्सवाहा का किसान खजुराहो जाकर श्रीवास्तव ट्रेडर्स से दबा खरीदेगा इन बिलों से साफ स्पष्ट है कि कृषि विभाग के अधिकारियों ने दबा खरीदी के नाम फर्जीवाड़ा करने के लिए खजुराहो के श्रीवास्तव ट्रेडर्स के बिल प्राप्त कर शासन को चूना लगाया है।

### इनका कहना है -

जिले में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले में इस प्रकार का फर्जीबाड़ा कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कृषि विभाग की हर योजना का लाभ किसानों को मिलना चाहिए, अगर नहीं मिल रहा है, तो में विभाग को कार्रवाई के लिए बोलता हूं।

**एदल सिंह कंषाना**
**छतरपुर जिले का प्रभारी**
**एवं कृषि मंत्री मध्य प्रदेश शासन**

### किसानों को डराया धमकाया जा रहा, किसानों ने लगाए आरोप



ग्राम सिधाई के जिन किसानों के नाम पर बीज वितरण और दबा खरीदी के नाम पर प्रभारी एसएडीओ हरिदत्त विश्वकर्मा ने कागजों में फर्जीबाड़ा किया है। यह फर्ज्जीवाड़ा खुलासा होने और ऐसे किसानों द्वारा मीडिया के सामने दिए गए बयानों के बाद कि हमने कभी कृषि विभाग का दफ्तर ही नहीं देखा है। किसानों के इन बयानों को सुनकर अब प्रभारी एसएडीओ हरिदत्त विश्वकरमा द्वारा किसानों को डराने धमकाने लगे हुए है कि बह अपने बयानों से मुकर जाए और किसान यह स्वीकार कर ले की उडद कलस्टर बीज प्राप्त हो रहा है। और दबा भी खरीदी है लेकिन किसान अपने बयानों से मुकर नही रहे है। जिसपर उन्हें धमकाया जा रहा है भोलेभाले आदिवासी किसान कृषि विभाग के अधिकारियों की इस कार्यशैली के चलते मानसिक रूप से प्रताड़ित है। किसानों के आधार कार्ड में भी हेरफेर करते हुए अनुदान कि राशि प्राप्त कर ली है।

## आरक्षक पर लगे छात्रों से मारपीट के आरोप

### सीएएसपी को मिला मामले की जांच का जिम्मा

**हरिभूमि, छतरपुर।** सिविल लाइन थाना के एक आरक्षक पर दो छात्रों द्वारा मारपीट के आरोप लगाए गए है। पीड़ित छात्रों ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद मामले की जांच नगर पुलिस अधीक्षक को सौंपी गई है। चौबे कॉलोनी निवासी छात्र कपिल मिश्रा ने बताया कि घटना



बीती रात करीब 2 बजे पन्ना रोड के आदर्श पेट्रोल पंप के पास की है। कपिल के मुताबिक वह अपने दोस्त शिवम मिश्रा निवासी गणेश कॉलोनी सागर रोड के साथ बाइक से रेलवे स्टेशन के पास रेस्तरां में खाना खाने जा रहा था। पेट्रोल डलवाने के दौरान नगर रक्षा समिति के सदस्यों ने उनसे पूछताछ की और फिर चले गए। इसके कुछ देर बाद आरक्षक अजय प्रताप सिंह वहां पहुंचे और दोनों के मोबाइल चेक किए। कपिल मिश्रा ने बताया कि उसने आरक्षक को सूचित किया कि वे पढऩे वाले छात्र हैं, बाहर से किराए पर रहते हैं और भूख के कारण रेस्तरां जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है और पुलिस छानबीन कर सकती है। इसके बावजूद, आरक्षक अजय प्रताप सिंह ने कपिल के साथ कथित तौर पर मारपीट की। कपिल और शिवम ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत की है। वहीं मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा को जांच के निर्देश दिए गए हैं।

**अधिकारियों ने मऊसहानियां में विरासत महोत्सव की तैयारियों का लिया जायजा**

# विरासत महोत्सव में शामिल होंगे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

**हरिभूमि, छतरपुर।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आगामी 29 मई को छतरपुर जिले के गौरिहार और मऊसहानियां के दौरे पर रहेंगे। गौरिहार में कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वे मऊसहानियां में आयोजित होने वाले दो दिवसीय विरासत महोत्सव में शिरकत करेंगे।

### शुक्रवार को महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए कलेक्टर और एसपी मऊसहानियां पहुंचे

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 29 मई को गौरिहार में शासकीय कन्या छात्रावास के समीप स्टेडियम प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद वे मऊसहानियां में महाराजा छत्रसाल शौर्यपीठ पर आयोजित होने वाले दो दिवसीय विरासत महोत्सव (29-30 मई 2025) में शामिल होंगे। यह महोत्सव संस्कृति संचालनालय और जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जो क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करेगा। मुख्यमंत्री के मऊसहानियां दौरे की तैयारियों के लिए शुक्रवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल और पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने महाराजा छत्रसाल स्मृति शोध संस्थान शौर्यपीठ में बैठक आयोजित की।



बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एसडीएम मिलिंद नागदेवे, एएसपी विदिता डागर, एसडीएम नौगांव जी.एस. पटेल और महाराजा छत्रसाल समिति के अध्यक्ष गोविंद सिंह बुंदेला, महाराजा छत्रसाल स्मृति शोध संस्थान के अध्यक्ष राकेश शुक्ला राधे, भगवत अग्रवाल, जयदेव सिंह बुंदेला, कमलेश अहिरवार, सरपंच प्रतिनिधि अप्पू राजा सोनी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध और सुचारु रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने शौर्यपीठ के म्यूजियम और महाराजा छत्रसाल की विशाल मूर्ति का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि विरासत महोत्सव का आयोजन मऊसहानियां में पिछले वर्ष की तरह इस साल भी महाराजा छत्रसाल की शौर्यगाथा और क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। यह आयोजन स्थानीय समुदाय को अपनी विरासत से जोडऩे और पर्यटन को प्रोत्साहन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रशासन ने सुरक्षा, यातायात, और अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं।

# गर्मियों में दोगुनी हुई बिजली की खपत

**कार्यपालन अभियंता ने सुझाए बचत के उपाय**



**हरिभूमि, छतरपुर।** शहर में गर्मियों की तपिश के साथ बिजली की खपत सर्दियों की तुलना में दोगुनी हो गई है, जिससे विद्युत विभाग पर आपूर्ति प्रबंधन का दबाव बढ़ गया है। कार्यपालन अभियंता ने बिजली की बर्बादी रोकने के लिए नागरिकों को जागरूक करने और बचत के उपाय अपनाने की सलाह दी है। साथ ही, उन्होंने विद्युत चोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई और आगामी 'वी मित्र ऐप के जरिए चोरी की शिकायतों को आसान बनाने की जानकारी दी। कार्यपालन अभियंता अमर श्रीवास्तव ने बताया कि शहर में गर्मियों के मौसम में बिजली की मांग चरम पर पहुंच गई है। कार्यपालन अभियंता अमर श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान में प्रतिदिन 50-55 मेगावाट बिजली की खपत हो रही है, जो कि सर्दियों की तुलना में लगभग दोगुनी है। उन्होंने बताया कि गल्ला मंडी फीडर में सबसे अधिक खपत दर्ज की जा रही है। विभाग ट्रांसफार्मरों को ओवरलोड होने से बचाने और आपूर्ति को संतुलित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। अमर श्रीवास्तव ने नागरिकों से बिजली की बर्बादी रोकने और जिम्मेदारी से बिजली का उपयोग करने की अपील की। उन्होंने सुझाव दिया कि अनावश्यक बिजली उपकरणों का उपयोग न करें और जरूरत के अनुसार ही पंखे, कूलर और एसी चलाएं। विशेष रूप से एसी को 25-26 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर सेट करने की सलाह दी गई, ताकि बिजली की खपत को कम किया जा सके। उन्होंने कहा, छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर हम बिजली की बर्बादी रोक सकते हैं और सभी को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कर सकते हैं। इसके अलावा, उन्होंने रात में बिजली उपकरण बंद करने और ऊर्जा-बचत वाले उपकरणों का उपयोग करने पर जोर दिया।

### विद्युत चोरी को रोकने आ रहा है 'वी मित्र ऐप

अमर श्रीवास्तव ने बताया कि विद्युत चोरी को रोकने के लिए विभाग ने कड़े कदम उठाए हैं। जिले के तीन क्षेत्रों में बिजली चोरी की शिकायतें सामने आई हैं, जिन्हें चिह्नित कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। चोरी रोकने के लिए विभाग जून 2025 में 'वी मित्र ऐप लॉन्च करने जा रहा है, जिसके जरिए आम लोग बिजली चोरी की शिकायत आसानी से दर्ज कर सकेंगे, बिना विद्युत कार्यालय जाए। इस ऐप के माध्यम से शिकायतकर्ताओं की गोपनीयता सुनिश्चित की जाएगी और सटीक जानकारी देने वालों को इनाम भी दिया जाएगा। कार्यपालन अभियंता ने नागरिकों से अपील की कि वे बिजली चोरी की जानकारी तुरंत विभाग को दें, ताकि अवैध कनेक्शन और चोरी पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी न केवल विभाग के लिए नुकसानदायक है, बल्कि इससे अन्य उपभोक्ताओं को भी निर्बाध आपूर्ति में बाधा उत्पन्न होती है।


**कार्यालय, नगर परिषद खजुराहो, जिला - छतरपुर (म.प्र.)**

No./NPk/Uadd/e-tendering/2025 741 **निविदा आमंत्रण सूचना ( प्रथम )** Dated: 14/05/25

नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारी / संस्था / एनजीओ से ऑनलाईन निविदायें आईटम दर के आधार पर नीचे दर्शित तालिका अनुसार ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा में किसी तरह का संसोधन होने पर बेबसाईट में सुधार करवा दिया जायेगा, समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं करवाया जावेगा।

| स. क्र. | कार्य का नाम एवं विवरण | अनुमानित प्राक्कलन की राशि (रु में) | धरोहर राशि | समय अवधि | निविदा फार्म का शुल्क | पंजीयन की श्रेणी पंजीकृत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ठोस अवशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत कंपोस्ट, एम आर एफ. एफ एस टी पी एवं सी एंड डी प्लांट का रखरखाव एवं संचालन आदि के साथ टेंडर डाक्यूमेंट में सूची अनुसार कार्य हेतु । टे.नं. 2025_UAD_425333_1 | 600000.00 | 6000.00/- | 12 माह | 2000/- | पंजीकृत ठेकेदारो/संस्था /एनजीओ (दो वर्ष के अनुभव के साथ) |
| 2 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 अंतर्गत गाईडलाईन अनुसार गतिविधियों का संचालन तथा 'दस्तावेजीकरण एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में सभी घटकों के डाक्यूमेंटेशन का कार्य एवं संचालन आदि के साथ टेंडर डाक्यूमेंट में सूची अनुसार कार्य हेतु । टे.नं. 2025_UAD_425334_1 | 600000.00 | 6000.00/- | 12 माह | 2000/- | पंजीकृत ठेकेदारो/संस्था /एनजीओ (दो वर्ष के अनुभव के साथ) |
| 3 | निकाय क्षेत्रांतर्गत तालाबो (ननौरा तालाब, प्रेम सागर, शिवसागर बाईपास रोड पर विधाघर के पास स्थित तालाब आदि ) की साफ- सफाई कुल 04 तालाब टे.नं. 2025_UAD_425335_1 | 600000.00 | 6000.00/- | 12 माह अनुबंध दिनांक से | 2000/- | पंजीकृत ठेकेदारो/संस्था /एनजीओ |

निविदा फार्म दिनांक 22.05.25 से 09.06.25 तक बेबसाईट (http://mptenders.gov.in) पर ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त हो सकेगे। विस्तृत निविदा सूचनार्थ अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद खजुराहो जिला- छतरपुर (म.प्र.)**

## सभी पंचायतों में ई केवाईसी के लिए आज होगा विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन

**हरिभूमि, रीवा।** खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों की शत-प्रतिशत ई केवाईसी की जा रही है। इसके लिए 24 मई शनिवार को सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा है कि ग्राम सभा आयोजन के लिए, तत्काल सूचना जारी कर दें। निर्धारित तिथि में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन कराकर उसमें उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन और समिति सेवक राशन कार्ड में दर्ज सभी व्यक्तियों की ई केवाईसी करा लें। ग्राम सभा में मृत हितग्राहियों, विषमता परिवार के सदस्यों और स्थाई रूप से पलायन करने वाले सदस्यों की सूची का भी वाचन कर दें। इसके बाद ग्राम पंचायत सचिव तथा रोजगार सहायक मृतक, डुप्लीकेट नाम तथा विषमता परिवार के सदस्यों के नाम राशन मित्र पोर्टल से पृथक करने की कार्यवाही करें। ई केवाईसी शत-प्रतिशत अपडेशन तथा अपात्रों के नाम काटने की कार्यवाही 26 मई तक पूरी करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने कहा है कि जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ग्राम सभाओं के आयोजन की तत्काल व्यवस्था कराएं। प्रत्येक ग्राम सभा में नोडल अधिकारी तैनात करें। सभी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी भी ग्राम सभाओं में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। सभी एसडीएम ग्राम सभाओं के आयोजन की मानीटरिंग सुनिश्चित करें। खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों की ई केवाईसी 31 मई तक न होने पर उन्हें जून माह से खाद्यान्न नहीं मिलेगा। इसके लिए सेल्समैन, समिति प्रबंधक तथा उचित मूल्य दुकान का संचालन करने वालों के विरूद्ध उत्तरदायित्व का निर्धारण करके कार्यवाही की जाएगी। जिला आपूर्ति अधिकारी सभी विकासखण्डों से उचित मूल्य दुकानवार ई केवाईसी अपडेशन की कार्यवाही पूरी कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

## अन्तर्राजीय रीवा का बस स्टैंड भीषण गर्मी में तप रहे यात्री यात्रियों को राहत देने एवं आवश्यक सुधार किये जाने की मांग

**हरिभूमि, रीवा।** रीवा भारतीय किसान यूनियन मध्यप्रदेश प्रदेश के अध्यक्ष एव राष्ट्रीय किसान समन्वय समित के सदस्य किसान सुब्रत ने जिला प्रशासन एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधो से मांग की है कि अन्तर्राजीय बस स्टैंड का निरीक्षण कर ,बस स्टैंड मे आधारभूत सुविधाए उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किया जाय , रीवा का अन्तर्राजीय बस स्टैंड महापुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम पर बना है, बस स्टैंड मे मूलभूत सुविधाए जो नही है जिनकी अत्यंत आवश्यकता है पीने का स्वच्छ पानी ,सुलभ की साफ-सफाई से लेकर क्या बसो के लिए पर्याप्त प्लेट फार्म है प्लेट फार्म की लम्बाई कितनी है ? बस की आधी लम्बाई से भी कम प्लेट फार्म बने है चौथाई भाग मे छाव बाकी तक छाव की व्यवस्था नही गर्मी मे छाव के अभाव मे तपती बसे अन्दर बैठे यात्रियो का हाल जानने की जरूरत है ,फ्लेट फार्म की लम्बाई कम छाव की व्यवस्था प्लेट फार्म के ऊपर बहुत ही कम है गर्मी मे तपती बसे वही आने वाली वारिस मे बस प्लेट फार्म मे खडी हो बस मे बैठने मे यात्रियो का भीगना तय है प्लेट फार्म मे लगे सेट की लम्बाई बढाई जाय, वारिस मे एव रात्री मे यात्री बस के इन्तजार के लिए कहा बैठे ? बस स्टैंड से लेकर यात्री सुविधाए, प्रतिछालय क्या अन्तर्राजीय बस स्टैंड के मापदण्डो के तहत बनी है? सुरक्षित है या नहीं। किसान सुब्रत ने जिला प्रशासन एव जनप्रतिनिधियो से माग कि है कि अन्तर्राजीय बस स्टैंड का निरीक्षण कर जो भी आवश्यक सुधार किया जाना जरूरी हो शीघ्र कराये। ,यात्री प्रतिछालय, पीने का पानी ,शौचालय, सुरक्षा ,सभी के तरफ ध्यान दिया जाय। गर्मी ,ठडी, किसी तरह पार हो जाती है वारिस के मौसम को ध्यान रख जो भी आवश्यक कार्य हो कराये जाय । यात्री प्रतिछालय का निर्माण कराया जाय,स्वच्छ पीने के पानी ,के साथ बाटर कूलर लगवाया जाय।साफ सफाई के साथ यात्रियो की सुरक्षा ओर ध्यान दिया जाय । रीवा से चलने वाली बसो के समय सारणी का बोर्ड लगाया जाय । प्लेट फार्म की लम्बाई बढायी जाय ,खाली पडी जगह मे नये प्लेट फार्म का निर्माण कराया जाय। पुराने प्लेट फार्म की लम्बाई बढा छाव की व्यवस्था की जाय पूछताछ केन्द्र की स्थापना की जाय।

## महिला तस्कर के ठिकाने पर पुलिस का छापा गांजा, शराब व नकदी जब्त, बिछिया थाना पुलिस की कार्रवाई, आरोपित महिला गिरफ्तार



**रीवा।** शहर के बिछिया थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए ग्राम उमरी में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। देर रात गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में एक महिला के घर से नशीले पदार्थों सहित नकदी बरामद की गई है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, ग्राम उमरी निवासी मीरा साकेत उम्र 35 वर्ष के आवास पर संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने पर टीम ने दबिश दी। तलाशी के दौरान पुलिस को 750 ग्राम अवैध गांजा, 40 पाव देशी प्लेन शराब और 14,080 रुपये नकद बरामद हुए। जब्त सामग्री की अनुमानित बाजार कीमत कई हजारों रुपये बताई जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला लंबे समय से नशीले पदार्थों की तस्करी में संलिप्त थी और इलाके में गैरकानूनी धंधे को बढ़ावा दे रही थी। पुलिस ने मौके से समस्त अवैध सामग्री जब्त कर महिला को हिरासत में लिया। आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट एवं मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है। आगे की जांच जारी है, और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य संभावित लोगों की तलाश की जा रही है।

## जीडीसी में कॉमर्स ग्रुप के छात्राओं को थमाया ह्यूमन राइट्स का पेपर, छात्राओं ने किया जमकर हंगामा

**हरिभूमि, रीवा।**



शासकीय कन्या महाविद्यालय में गुरुवार को परीक्षा के दौरान उस समय तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई जब बी.कॉम की छात्राओं को ऐसा प्रश्नपत्र सौंपा गया, जो उनके पाठ्यक्रम का हिस्सा ही नहीं था। छात्राओं ने इस गलती को लेकर कॉलेज प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर विरोध दर्ज कराया,कॉलेज में परीक्षा के लिए पहुंची छात्राओं को जब ह्यूमन राइट्स विषय का पेपर सौंपा गया, तो वे हैरान रह गईं। उनका कहना है कि यह विषय न तो उन्होंने चुना था और न ही उनके कॉमर्स ग्रुप के पाठ्यक्रम में शामिल है। छात्राओं ने आरोप लगाया कि वे पॉलिटिकल साइंस विषय का अध्ययन कर रही हैं, जो कला संकाय से संबंधित है, लेकिन प्रशासन उन्हें एक गैर-संबंधित विषय का पेपर देने के लिए बाध्य कर रहा है। स्थिति बिगड़ती देख छात्राओं ने परीक्षा का बहिष्कार कर दिया और कॉलेज परिसर में प्रदर्शन शुरू कर दिया। छात्राओं की मांग थी कि उन्हें उन्हीं विषयों की परीक्षा देने दी जाए, जो उनके कोर्स का हिस्सा हैं। कॉलेज प्रशासन की ओर से स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास किए गए। प्रबंधन का कहना है कि कुछ छात्राओं ने ऑनलाइन फॉर्म भरते समय विषय चयन में गलती की है, जिसके कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। कॉलेज प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि संबंधित विषय की परीक्षा आगामी 2 जून को आयोजित की जाएगी। हालांकि, छात्राओं का कहना है कि उस दिन पहले से ही फाउंडेशन कोर्स की परीक्षा निर्धारित है, जिससे भ्रम और असमंजस की स्थिति और भी गहरा गई है,छात्राओं की मांग है कि कॉलेज प्रशासन लिखित रूप में यह आश्वासन दे कि उनके संकाय के अनुरूप ही परीक्षा आयोजित की जाएगी और किसी भी छात्रा को गैर-संबंधित विषय की परीक्षा देने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि यदि इस लापरवाही की सजा छात्राओं को सप्लीमेंट्री के रूप में दी गई, तो वे उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगी।फिलहाल कॉलेज परिसर में स्थिति शांत है, लेकिन छात्राओं में असंतोष बना हुआ है।

## लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रीवा



शहर के सिटी कोतवाली पुलिस ने विगत 2 माह से फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि अभिषेक सिगोते पिता सीताराम सिगोते उम्र 25 वर्ष निवासी मलियान टोला ने शिकायत की थी कि आर्यन जाटवए अहिल मिर्जा तथा उसका एक साथी मिले जो 1000 शराब पीने के लिये पैसा माग रहे थेए पैसा नही देने पर तीनो ने गाली गलौच किया। नुकीली चीज से मारपीट कर चोट पहुंचाये थे। घटना के बाद से दो आरोपी फरार थेए जिन्हे मुखबिर सूचना पर गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपी में आहिल उर्फ अनस मिर्जा पिता सिकन्दर मिर्जा उम्र 20 वर्ष निवासी पचमठा घोघर थाना कोतवाली व आर्यन जाटव पिता घनश्याम जाटव उम्र 20 वर्ष निवासी मिश्रा होटल के पीछे वार्ड क्र 19 घोघर थाना कोतवाली है। आरोपियों न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहा से आरोपी को केन्द्रीय जेल रीवा दाखिल किया गया है।



## दिनदहाड़े बाइक चोरी, सीसीटीवी फुटेज वायर लसुपर स्पेशलिटी अस्पताल के सामने की घटना

**रीवा ।** जिले में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब दिनदहाड़े सड़क किनारे खड़ी बाइक भी सुरक्षित नहीं रहीं। गुरुवार सुबह शहर के सबसे व्यस्त इलाकों में से एक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के मुख्य द्वार के पास हुई बाइक चोरी की घटना ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, फोर्ट रोड निवासी दुर्गेश लखेरा अस्पताल गेट के पास गैस चूल्हा मरम्मत की दुकान चलाते हैं। गुरुवार को वे अपनी बाइक हमेशा की तरह दुकान के सामने खड़ी कर काम में व्यस्त थे। कुछ समय बाद जब वे बाहर आए तो उनकी बाइक गायब थी। उन्होंने तत्काल आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें एक संदिग्ध युवक चोरी की पूरी वारदात को अंजाम देता नजर आया। वीडियो में देखा गया कि आरोपी पहले क्षेत्र का मुआयना करता है, फिर बाइक के पास आकर कुछ देर तक उस पर बैठा रहता है। मौका मिलते ही वह बाइक स्टार्ट कर मौके से फरार हो जाता है। बताया जा रहा है कि यह पूरी घटना तकरीबन सुबह 10 बजे के आसपास की है। बाइक चोरी की यह वारदात सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। दुर्गेश लखेरा की शिकायत पर अमहिया थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बढ़ती बाइक चोरी की घटनाएं यह संकेत देती हैं कि जिले में सक्रिय अपराधी अब कानून से बेखौफ हो चुके हैं। जरूरत इस बात की है कि पुलिस गश्त को और सख्त किया जाए और संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ाई जाए।

# जनजातियाँ वनों की सबसे बड़ी पोषक और संरक्षक वनों का संरक्षण करने वालों के ही वनाधिकार दावे मान्य किए जाएं






**रीवा।** वनाधिकार अधिनियम की रीवा और शहडोल संभाग की संयुक्त कार्यशाला विन्ध्या रिट्रीट होटल के सभागार में आयोजित की गई। कार्यशाला के प्रथम दिन वनाधिकार समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के दूसरे दिन जिला स्तरीय वनाधिकार समिति के सदस्यों को सामुदायिक दावों के निपटारे के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि वनाधिकार अधिनियम ने पीढ़ियों से वन भूमि में खेती करने वाले तथा रहने वाले जनजातीय परिवारों एवं अन्य परिवारों के अधिकारों को मान्यता दी है। इसने वर्षों से वनों के साथ सह अस्तित्व में वनवासी परिवारों को जमीन का मालिकाना हक दिया है। जनजातीय परिवार परंपरागत रूप से वनों के पोषक और संरक्षक हैं। उनकी आजीविका मुख्य रूप से वनों पर ही निर्भर रही है। उनके रीति रिवाज, परंपराएं और धार्मिक अनुष्ठानों में भी वन अनिवार्य रूप से शामिल रहा है। वनाधिकार अधिनियम से व्यक्तिगत दावे में बहुत अच्छा कार्य हुआ है। अब सामुदायिक दावों को भी मान्यता देकर जनजातीय परिवारों की हमें सहायता करनी है। जनजातीय परिवार अगर न होते तो आज वन भी नाममात्र के ही बचे होते।कार्यशाला में शहडोल संभाग के कमिश्नर सुरभि गुप्ता ने कहा कि कार्यशाला में सामुदायिक दावों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। सामुदायिक दावों के निराकरण के लिए अब किसी के मन में संदेह नहीं रहना चाहिए। वनाधिकार अधिनियम के तहत दर्ज सामुदायिक दावों का तत्परता से निराकरण करें। मुख्य वन संरक्षक रीवा राजेश राय ने कार्यशाला में कहा कि वनाधिकार अधिनियम ने जनजातीय परिवारों को भू अधिकार पत्र देकर उनके जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन किया है। व्यक्तिगत दावों के साथ-साथ वन भूमि में निस्तार और सामुदायिक उपयोग को भी एक्ट में मान्य किया गया है। इसके सामुदायिक दावों को मान्य करते हुए वन संरक्षण पर भी ध्यान देना आवश्यक है। वनों का संरक्षण करने वालों को ही वनाधिकार का लाभ दिया जाना चाहिए। शहडोल संभाग के सीसीएफ अजय पाण्डेय ने कहा कि कार्यशाला में दी गई जानकारी से सामुदायिक दावों के निराकरण के लिए सही मार्गदर्शन मिला है। सामुदायिक दावों में किसी तरह का टकराव नहीं है। गांव की राजस्व सीमा, वनों का क्षेत्र तथा सामुदायिक कार्यों के लिए समुदाय के अधिकार तीनों पर हमें ध्यान देना होगा। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर वाई गिरि राव ने कहा कि सामुदायिक दावे से वन, राजस्व, जनजातीय कार्य और ग्रामीण विकास विभाग जुड़े हैं। अधिनियम के तहत गठित समितियों को राज्य से लेकर ग्राम स्तर तक कार्यशालाओं के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश के 54903 गांवों में से 26555 गांवों में वनाधिकार एक्ट के दावे मान्य किए गए हैं। राष्ट्रीय वन नीति, वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम तथा पर्यावरण संरक्षण को ध्यान रखते हुए सामुदायिक दावे मान्य किए जाएंगे। वन भूमि अथवा उसके आसपास के क्षेत्र में परंपरागत रूप से रहने वाले परिवारों को वन क्षेत्र में स्थित धार्मिक स्थल में पूजा-पाठ करने, जल श्रोतों के दोहन, मछलीपालन, वनोपज संग्रहण एवं निस्तार के दावे इसमें शामिल होंगे। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर शरद लेले ने कहा कि वनाधिकार अधिनियम वन क्षेत्र में गैर वनीय कार्य को मान्यता देता है। सामुदायिक दावों में पूजा-पाठ, वनोपज संग्रहण, परंपरागत मार्ग से आने-जाने, पानी भरने तथा अन्य निस्तार शामिल हैं। सामुदायिक दावों में समुदाय के अधिकार के साथ-साथ उनके स्थल और क्षेत्र का भी निर्धारण किया जाना आवश्यक है। यदि एक गांव के निस्तार के दावे पर विचार किया जा रहा है तो आसपास के गांवों की भी उसमें सहमति आवश्यक होगी। गांव में उपलब्ध दस्तावेजों अथवा बुजुर्गों के कथन के आधार पर गांव की सीमा का निर्धारण किया जा सकता है। श्री लेले ने व्यक्तिगत दावे तथा सामुदायिक दावे दर्ज करने के लिए आवश्यक अभिलेखों एवं प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में वन-राजस्व सीमा विवाद के निराकरण के लिए वनों के व्यवस्थापन, पेसा एक्ट तथा वन संरक्षण के उपायों पर भी चर्चा की गई। कार्यशाला में रीवा, सीधी, सतना, शहडोल, अनूपपुर, मऊगंज तथा मैहर जिलों के कलेक्टर शामिल रहे। कार्यशाला में रीवा और शहडोल संभाग के जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, वन मण्डलाधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, जिला संयोजक ट्राईबल उपस्थित रहे। कार्यशाला के समापन पर उपायुक्त ट्राईबल ऊषा अजय सिंह ने आभार व्यक्त किया।

## संभागीय टीमों द्वारा की जा रही जल गंगा संवर्धन अभियान की मॉनीटरिंग



**रीवा ।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने जल गंगा संवर्धन अभियान के निरीक्षण और समन्वय के लिए 6 टीमें तैनात की हैं। इनमें संभागीय अधिकारियों को शामिल किया गया है। इन टीमों द्वारा संभाग के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करके जल संरक्षण कार्यों की मानीटरिंग की जा रही है। इस संबंध में संयुक्त आयुक्त डॉ दिव्या त्रिपाठी ने बताया कि अधिकारियों के दल द्वारा त्योंथर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत घटेहा में अमृत सरोवर निर्माण का निरीक्षण किया गया। रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड की ग्राम पंचायत महसुआ में दल के अधिकारियों ने किसान तेज बहादुर के खेत में बनाए जा रहे खेत तालाब का जायजा लिया। विकासखण्ड जवा में ग्राम पंचायत कल्याणपुर में सुंदरिया आदिवासी की भूमि पर बनाए जा रहे खेत तालाब का निरीक्षण किया गया। संभागीय दल ने रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड की ग्राम पंचायत रामनई में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत महादेव तालाब के गहरीकरण और मेड़ विस्तार के कार्यों का अवलोकन किया। संयुक्त आयुक्त ने बताया कि संभागीय दल के सदस्यों संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास ऊषा सिंह सोलंकी, एसई एमपीईबी प्रभा पाण्डेय ने सीधी जिले के ग्राम बीछी पटेर और हर्दी का भ्रमण करके जल संरक्षण के कार्यों का निरीक्षण किया। ग्रामवासियों से संवाद करके उन्हें जल संवर्धन के लिए प्रेरित किया गया। संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, संभागीय आयुष अधिकारी ने रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड के तीन गांवों में जल संरक्षण कार्यों का निरीक्षण किया। अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा आरपी सिंह ने सतना जिले के ग्राम बहेरिया और रूहिया में जल संरक्षण के कार्यों के साथ-साथ नलजल योजना से बनाई जा रही पानी की टंकी और आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। इसी तरह अलग-अलग दलों द्वारा लगातार क्षेत्र का भ्रमण किया जा रहा है।

## स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम और योग को दिनचर्या में शामिल करें - उप मुख्यमंत्री



**हरिभूमि, रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सुबह रीवा के नगर वन का भ्रमण किया। उप मुख्यमंत्री ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को नगर वन की व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने नगर वन में सुबह की सैर कर रहे आमजनों से संवाद करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने तन और मन को स्वस्थ रखने के लिए प्रयास करना चाहिए। स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम और योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। हम यदि पूरी तरह से स्वस्थ हैं तो बड़े से बड़ा कार्य कर सकते हैं। प्राकृतिक वातावारण में सुबह टहलना स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक होता है।

## घर में घुसकर मोबाईल चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**हरिभूमि, रीवा।** शहर के सिटी कोतवाली पुलिस ने घर में घुसकर मोबाईल चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले को लेकर बताया गया कि शिवकली नामदेव पति संतोष कुमार नामदेव उम्र 55 वर्ष निवासी अशोक पेड़ के पीछे फोर्ट रोड थाना कोतवाली द्वारा गुरुवार को शिकायत की गई कि सुबह करीबन 5 बजे मेरे घर के अन्दर फाटक हटाकर एक लडक़ा घुसा और मेरी लडक़ी का ओप्पो ए.3 कम्पनी का फोन चोरी कर भागने लगा जो कि मोहल्ले का रहमान खान था। जो मेरी लडक़ी का मोबाईल चोरी कर भाग गया। पुलिस ने मामले की जांच कर आरोपी रहमान खान पिता सब्बीर खान उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड क्र 36 तरहटी थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर चोरी गया मोबाईल जप्त किया और आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गयाए जहां से आरोपी के केन्द्रीय जेल रीवा दाखिल किया गया है।

## सीएमसीएलडीपी अभ्यार्थियों को जल श्रोतों का कराया गया भौतिक भ्रमण





**मऊगंज।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जहां पूरा मध्यप्रदेश के सामाजिक संगठनों में पानी बचाने की होड सी लगी है इसी तारतम्य में आये दिन मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद रीवा के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक के निर्देशानुसार विकास खण्ड समन्वयक श्रीमती अनीता मिश्रा के परामर्श पर 22 मई को लीड संस्था त्रिवेणी बहुदेशीय जन कल्याण संस्था नईगढ़ी परामर्शदाताओ द्वारा ग्राम पंचायत चकरहनटोला के चौपाल चबूतरा में जन सभा का आयोजन किया गया जहां ग्राम पंचायत चकरहनटोला सरपंच राजेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जल गंगा संवर्धन अभियान के लिए कहां कि ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले तालाब में निश्चित रूप से संरचनात्मक कार्य करना है और सभी ग्रामीण जन सहयोग करें कुछ श्रमदान से कुछ योजना से अवश्य इसे पुनर्जीवित करने का प्रयास जारी रहेगा। लीड संस्था प्रतिनिधि सुरेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी ने सभी सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम अभ्यर्थियों और ग्रामीण जनों जल श्रोतों को बचाने और बूंद बूंद पानी बचाने की सलाह दी। और इस अभियान में सामिल होने के लिए बधाई और सराहना की है। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता पवन कुमार शर्मा ने किया। और सपथ दिलाई कि पानी बचाने के लिए हम सभी को संकल्पित होना पड़ेगा। रूद्रदेव सिंह द्वारा पानी बचाने का संदेश दिया और महत्व समझाया।जल श्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के जल दूत बनने की सलाह दी गई, स्थानीय तालाब का भ्रमण कर श्रमदान किया गया जहां पड़े आवांछनीय पदार्थ को साफ कर आम लोगों को संदेश दिया कि अपने तालाब को स्वच्छ बनाये रखें जिससे कई बीमारियों से बचा जा सकता है। अभियान में मुख्य रूप से चकरहनटोला जीआरएस कृपाशंकर पटेल, परामर्शदाता राजकुमार गौतम, राजरमन पटेल, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चकरहनटोला सचिव रामसागर चतुर्वेदी, रामप्रसाद विश्वकर्मा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अंतरैला सचिव अनल कुमार त्रिपाठी, आशीष कुमार शुक्ला, सीएमसीएलडीपी अभ्यार्थी पूजा पाण्डेय, आकांक्षा सिंह, सविता पटेल, सिखा गौतम, प्रिया शर्मा, काजल कुशवाहा, वीणापाणि चतुर्वेदी, विवेक गुप्ता, विनीत शुक्ला, आकाश तिवारी, वेदांत द्विवेदी, अंकित साकेत, ब्रिजेन्द्र कोरी, रामकुमार साकेत, रामनरेश सेन, राजेश विश्वकर्मा, कृसू कुशवाहा, मनोज, बब्लू साकेत, आकांक्षा तिवारी, रचना कुशवाहा, निशा कुशवाहा, शिवप्रसाद कोरी, अमित विश्वकर्मा, बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू पाठयक्रम के छात्र छात्रा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## साहित्यिक आयोजन के माध्यम से भारतीय सेना को करेंगे नमन

**मऊगंज।** भारतीय सेना के सौर्य, पराक्रम व अदम्य साहस का प्रतीक ऑपरेशन सिंदूर के सफल अभियान के परिपेक्ष्य मे सेना के गौरव व सम्मान हेतु जिला विकास संघर्ष परिषद् मऊगंज द्वारा साहित्यिक आयोजन के माध्यम से भारतीय सेना को नमन किया जायेगा। जिसमें साहित्यकार पूर्व सैनिक व सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। उक्त कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 24 मई 2025 को मऊगंज के तपेश्वर धाम (शगुन मैरिज गार्डेन) बाईपास मऊगंज में सायं 04 बजे से किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुये जिला विकास संघर्ष परिषद् के संयोजक संतोष मिश्रा ने बताया कि, कार्यक्रम के संयोजक आध्यात्मिक कथावाचक पं. रमेश पाण्डेय जी महाराज होंगे। आयोजन की अध्यक्षता पूर्व लेफ्टिनेंट व सेवा निवृत्ति स्पोर्टस आफीसर डॉ. प्रमोद कुमार गुप्ता करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्यकार व शिक्षाविद् रामनिश्चय मिश्र मऊगंज रहेंगे। परिषद् के संयोजक संतोष मिश्रा ने परिषद् के सभी सदस्यों, सामाजिक संगठन के सदस्यों व पूर्व सैनिकों से आयोजन में भागीदारी निभाने का आग्रह जारी बयान में किया है।